हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 9 सितंबर 2026

06 मिली सजा को सजा न मानें, जीवन में आगे सजने का ...



07 जिले के 9 तालाब 100 प्रतिशत भरे, 50 प्रतिशत से अधिक पानी...



समाचार संक्षेप

ताला तोड़कर चाय की दुकान से सामान ले भागे चोर



बजरंगगढ़। बजरंगगढ़ में बाईपास स्थित गणेश मंदिर के समीप एक चाय की दुकान में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना का पता दुकान संचालक के सुबह दुकान खोलने पहुंचने पर चला। दुकान मालिक बृजेश कुशवाहा ने बताया कि सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला। दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि दुकान में रखा सामान चोर चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। दुकान संचालक ने पुलिस से मामले की जांच कर चोरों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में 13 से 17 सितंबर तक योग प्रशिक्षण शिविर

गुना। भारत को रोगमुक्त, नशामुक्त एवं संस्कारवान बनाने के संकल्प को साकार करने में योग शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी उद्देश्य को लेकर पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में आगामी 13 से 17 सितंबर 2026 तक पांच दिवसीय मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में मध्य प्रदेश के 200 से अधिक चयनित एवं नियमित रूप से योग कक्षाओं का संचालन करने वाले योग शिक्षक शामिल होंगे। शिविर की तैयारियों, आवश्यक दिशा-निर्देशों एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर पतंजलि के मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ. स्वामी परमार्थ देव जी के मार्गदर्शन में वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्य प्रदेश के वे सभी सह-योग शिक्षक शामिल हुए, जो आगामी प्रशिक्षण शिविर में पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार पहुंचेंगे।

'सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत बंद करने का फर्जी निराकरण'



गुना। नगर पालिका गुना के स्वच्छता के दावों की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शहर के सदर बाजार अंतर्गत छोटी मस्जिद वाली गली वार्ड क्रमांक 15 के रहवासी विगत एक माह से सीवरेज और नाली के गंदे पानी से बेहद परेशान हैं। रहवासी प्रसुक जैन ने बताया कि क्षेत्र में अभी तक सिविल लाइन पूरी तरह चालू भी नहीं हुई है, फिर भी नालियों और सीवेज का बदबूदार पानी सडक़ों पर उफान मार रहा है, जिससे संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। रहवासी की शिकायत पर सीएम हेल्पलाइन शिकायत क्रमांक 40303069 दर्ज कराई गई थी। हालांकि, नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने जमीनी स्तर पर कार्य किए बिना ही पोर्टल पर शिकायत का झूठा निराकरण दर्ज कर दिया और दावा किया कि सफाई करा दी गई है। पीड़ित द्वारा इस फर्जी निराकरण पर कड़ी असहमति जताने और असंतोष व्यक्त करने के बाद, गत 3 सितंबर 26 को शिकायत को उच्च स्तर (एल-2) अधिकारी को प्रेषित कर दिया गया है। रहवासियों का कहना है कि संबंधित विभाग और नगर पालिका में बार-बार गुहार लगाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। कागजों में सफाई का दावा करने वाली नगर पालिका की इस लापरवाही से स्थानीय लोग बदबू और गंदगी के बीच जीने को मजबूर हैं। पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट व वरिष्ठ अधिकारियों से स्थल निरीक्षण कर जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

इंसाफ मांगने जनसुनवाई में पहुंचे पीड़ित, कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा

फर्जीवाड़ा: जिंदा परिजनों को कागजों में मृत बताकर भूदान की जमीन हड़पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े का एक अनोखा और गंभीर मामला सामने आया है। तहसील बमोरी के ग्राम हमीरपुर निवासी एक ही परिवार के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा। पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि दबंगों ने सांठगांठ कर उनके परिवार को कागजों में मृत घोषित करवा दिया और उनकी पुस्तैनी भूदान पट्टे की जमीन का फर्जी तरीके से नामांतरण कराकर अपने नाम दर्ज करवा लिया है। पीड़ितों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर वास्तविक वारिसों को उनकी जमीन वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

जनसुनवाई में पहुंचे प्रार्थी रमेशचंद्र, मोहनलाल, लड्डूलाल, रामबाबू एवं कमलाबाई निवासी ग्राम हमीरपुर ने बताया कि उनके पिता स्व. उंकार चमार के नाम से ग्राम हमीरपुर में भूदान पट्टे की सर्वे नंबर 77/4 रकबा लगभग 1.913 हेक्टेयर भूमि दर्ज थी, जिस पर बरसों से उनके परिवार का कब्जा एवं अधिकार रहा है। पीड़ितों का आरोप है कि गांव के ही अनावेदक श्रीकिशन, सीताराम, बद्री और पप्पू ब्राह्मण ने कूटचरित दस्तावेज तैयार कर गलत जानकारी प्रस्तुत की। आरोपियों ने जीवित परिजनों को मृत बताकर फौती नामांतरण अपने नाम करवा लिया। पीड़ितों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित परिवार ने कलेक्टर से मांग की है कि ग्राम हमीरपुर के उक्त सर्वे नंबर के सभी राजस्व अभिलेखों, फर्जी नामांतरण आदेशों और कागजों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर की गई धोखाधड़ी को तत्काल निरस्त कर जांच पूरी होने तक जमीन के किसी भी अन्य हस्तांतरण पर रोक लगाई जाए। साथ ही परिजनों को गलत तरीके से मृत दर्शाने वाले दोषियों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई कर जमीन को वास्तविक एवं वैध वारिसों के नाम दर्ज कराया जाए।

सोयाबीन की फसल पूरी तरह चौपट, मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



जिले के मधुसूदनगढ़ तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम दुर्गपुरा में प्राकृतिक प्रकोप के कारण किसानों की सोयाबीन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। फसल खराब होने से आर्थिक संकट का सामना कर रहे आक्रोशित एवं पीड़ित किसानों ने कलेक्टोरेट व तहसील स्तर पर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए मक्सूदनगढ़ तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से शीघ्र पटवारी को मौके पर भेजकर हुए नुकसान का सटीक सर्वे कराने और उचित मुआवजा राशि स्वीकृत कराने की पुरजोर गुहार लगाई है। तहसीलदार को दिए गए आवेदन में ग्राम दुर्गपुरा के किसान रामनारायण, देविराम, मूलचंद, सोनू जोरम, इंद्दरसिंह, मांगीलाल, रामासा, विजयसिंह, राजू, कमलेश, जमनालाल, रमेश और अमन सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अपने-अपने खेतों में कड़ी मेहनत और भारी लागत लगाकर सोयाबीन की बोवनी की थी। हालांकि, बीते दिनों हुए प्राकृतिक प्रकोप और मौसम की मार के कारण खेतों में खड़ी पूरी फसल पीली पडक़र नष्ट हो गई है। पीड़ित किसानों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि पौधों में जो थोड़ी-बहुत फलियां और फल आए भी थे, वे भी गलकर नीचे टपक गए हैं, जिससे अब फसल से किसी भी प्रकार की पैदावार की उम्मीद नहीं बची है। किसानों का कहना है कि फसल पूरी तरह नष्ट हो जाने से उन पर खाद-बीज और कर्ज चुकाने का बड़ा संकट आन पड़ा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि नुकसान का पारदर्शी मूल्यांकन कराया जाए।

किशनगढ़ के टपरों में बिजली संकट, ग्रामीणों ने डीपी रखवाने की मांग

गुना। जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में मंगलवार को ग्राम पंचायत पुरैनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम किशनगढ़ हरिजन आदिवासी के टपरे के निवासियों ने पहुंचकर एक आवेदन कलेक्टर के नाम सौंपा। ग्रामीणों ने गांव में लंबे समय से व्याप्त बिजली संकट की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अविलंब बीपीएल बिजली की डीपी रखवाने की पुरजोर मांग की है।कलेक्ट्रेट पहुंचे रीनाबाई, कमला, गंगाबाई, रेखा, परमा, कमान और भारत सहित अन्य ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके मजरे/टपरे पर अब तक विद्युत वितरण की कोई व्यवस्था नहीं हो सकी है। बिजली न होने के कारण पूरा बस्ती अंधेरे में डूबी रहती है, जिससे ग्रामीणों को जहरीले जीव-जंतुओं का डर बना रहता है और बच्चों की पढ़ाई सहित दैनिक जीवन-यापन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी इस संबंध में मांग की जा चुकी है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि बस्ती में जल्द से जल्द बिजली की नई डीपी स्थापित कराई जाए, ताकि सभी परिवारों को अंधेरे से मुक्ति मिल सके।

बायपास पर जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढे

बारिश का पानी भरने से नहीं दिखती गड्ढों की गहराई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

बायपास मार्ग पर लंबे समय से जारी प्रशासनिक उपेक्षा और बदहाली का खामियाजा वाहन चालकों को अपनी जान जोखिम में डालकर चुकाना पड़ रहा है। बायपास सडक़ पर पहले से ही जगह-जगह खतरनाक गड्ढे बने हुए थे, लेकिन बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश ने स्थिति को और अधिक विकराल बना दिया है। लगातार बारिश के पानी से गड्ढों का आकार और गहराई काफी बढ़ गई है, जिससे यह पूरा मार्ग अब हादसों का प्वाइंट बन चुका है। बारिश का पानी गड्ढों में भर जाने के कारण वाहन चालकों को गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे आए दिन भारी वाहन, ट्रक और डंपर अनियंत्रित होकर हादसों का शिकार हो रहे हैं। विशेषकर रात के समय इस मार्ग से गुजरने वाले छोटे वाहन चालकों और राहगीरों के लिए यहां से निकलना किसी खतरे से खाली नहीं है। नागरिकों और राहगीरों का कहना है कि बायपास पर गड्ढों की समस्या काफी पुरानी है।

म्याना रेलवे अंडरब्रिज बना हादसों का प्वाइंट

म्याना रेलवे प्रशासन की गंभीर लापरवाही के कारण एक परिवार जलभराव वाले रेलवे अंडरब्रिज में हादसे का शिकार होते-होते बच गया। मथुरा से अपने घर लौट रहा एक परिवार रात्रि लगभग 11 बजे म्याना के रेलवे अंडरब्रिज से गुजर रहा था। विगत दो-तीन दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के चलते अंडरब्रिज में करीब 4 फीट तक पानी भरा हुआ था। प्रवेश मार्ग पर रेलवे प्रशासन द्वारा कोई बैरिकेड्स या चेतावनी बोर्ड न लगाए जाने के कारण कार चालक पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा सका और वाहन को आगे बढ़ा दिया। अंडरब्रिज के बीच में पहुंचते ही कार पानी में डूबने लगी और वाहन के दरवाजे लॉक हो जाने से उसमें सवार लोग भीतर ही फंस गए।

आरक्षण, यूजीसी नियम और एससी-एसटी एक्ट के विरोध में आज गुना बंद का आह्वान

शास्त्री पार्क से निकलेगी विशाल रैली, कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



केंद्र व राज्य सरकार की वर्तमान नीतियों, आरक्षण व्यवस्था, यूजीसी के नए नियमों और एससी/एसटी एट्रोसिटी एक्ट के कथित दुरुपयोग के विरोध में सवर्ण संघर्ष मोर्चा ने हुंकार भर दी है। संगठन के तत्वावधान में आगामी बुधवार को पूरे गुना नगर बंद का कड़ा आह्वान किया गया है। इस दौरान शहर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। इस वृहद आंदोलन से जुड़ी पूरी जानकारी सवर्ण संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों और आयोजकों ने एक पत्रकारवार्ता आयोजित कर मीडिया के सामने रखी। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए आयोजकों ने बताया कि याचना नहीं अब रण होगा के संकल्प के साथ यह जनांदोलन बुधवार सुबह 10:30 बजे शहर के शास्त्री पार्क से प्रारंभ होगा। इसके बाद एक विशाल रैली के रूप में प्रदर्शनकारी पूरे शहर के प्रमुख मार्गों और बाजारों से जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचेंगे, जहां प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आयोजकों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपना इस आंदोलन का समापन नहीं बल्कि एक नए संघर्ष का प्रारंभ है। जब तक नींद में सोई सरकार इन कानूनों में आवश्यक संशोधन कर देश में समानता स्थापित नहीं करती, तब तक अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और आंदोलन लगातार जारी रहेगा। पत्रकारवार्ता में सवर्ण संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने आंदोलन के तीन मुख्य उद्देश्यों को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि देश में अवसरों में समानता और मेरिट (योग्यता) के सम्मान के लिए वर्तमान आरक्षण नीति में संशोधन बेहद जरूरी है। इसके साथ ही यूजीसी के नए नियमों को काला कानून बताते हुए आरोप लगाया कि इससे देश के युवाओं का अपराधीकरण किया जा रहा है, इसलिए इसे तुरंत वापस लिया जाए। वहीं तीसरी मुख्य मांग के रूप में एससी/एसटी (एट्रोसिटी) एक्ट के तहत बिना प्रारंभिक जांच के सीधे जेल भेजने और इसके कथित दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए कानून में जरूरी संशोधन करने की बात कही गई। पत्रकारवार्ता के अंत में आयोजकों ने गुना शहर के समस्त नागरिकों, युवाओं और छात्र-छात्राओं से बुधवार को शास्त्री पार्क पहुंचकर इस नगर बंद और रैली को सफल बनाने की अपील की है।

अवैध शराब और रंगदारी मामले में फरार आरोपी दबोचा

गुना। जिले की राघौगढ़ थाना पुलिस ने अवैध कच्ची शराब विक्रय तथा रंगदारी के प्रकरणों में फरार आरोपी को दबोचा है। जानकारी के अनुसार 10 मार्च 26 को पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए राघौगढ़ के रंगवाड़ी तालाब के पास से आरोपी फूल सिंह विश्वकर्मा निवासी ग्राम राजपुरा, थाना राघौगढ़ को 58 लीटर अवैध कच्ची के साथ गिरफ्तार किया गया था। जांच में सामने आया कि उक्त अवैध शराब को राजपुरा निवासी महेन्द्र कंजर द्वारा कमीशन पर बिकवाने के लिए फूल सिंह विश्वकर्मा को उपलब्ध कराया गया था। साथ ही यह भी पता चला कि महेन्द्र कंजर अपनी मोटरसाइकिल से शराब लाकर फूल सिंह विश्वकर्मा को देकर गया था। इस मामले में राघौगढ़ थाने पर आरोपीगण फूल सिंह विश्वकर्मा एवं महेन्द्र कंजर के विरूद्ध अप.क्र. 46/26, धारा 34(2) 49 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था, जिसमें आरोपी महेन्द्र कंजर घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था। उपरोक्त प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी के संबंध में गत दिवस मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे धरदबोचा। साथ ही घटनां में उपयोग की गई पल्सर मोटर सायकिल को भी पुलिस ने उसके कब्जे से जप्त किया गया है।

सड़क हादसे में बेटे को खोने वाले पीड़ितों को मिला इंसाफ

परिजनों को 1 करोड़ 90 लाख क्षतिपूर्ति देने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, गुना ने उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। आयोग ने टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को परिवादी को 1 करोड़ 90 लाख रुपये की बीमा दावा राशि चुकाने का आदेश दिया है। आयोग के अध्यक्ष सुरेश कुमार चौबे एवं महिला सदस्य शबीना अली की पीठ द्वारा सुनाया गया यह निर्णय गुना जिले के इतिहास में उपभोक्ता फोरम द्वारा दिलाया गया अब तक का सबसे बड़ा क्षतिपूर्ति आदेश माना जा रहा है। आयोग ने बीमा कंपनी द्वारा फर्जी आधार बनाकर क्लेम निरस्त करने के कृत्य को सेवा में गंभीर कमी और अनुचित व्यापार प्रथा करार दिया है। मामले के अनुसार, गुना की हनुमान कॉलोनी निवासी हरिसिंह जाट और उनकी पत्नी गिरजा जाट के पुत्र अमन जाट (51) ने एचडीएफसी बैंक की गुना शाखा के माध्यम से टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से परम रक्षक प्लस सॉल्यूशन बीमा पॉलिसी ली थी। इस पॉलिसी के तहत सामान्य जीवन बीमा रिस्क कवर 1 करोड़ रुपये तथा दुर्घटना में मृत्यु होने पर रिस्क कवर 1 करोड़ 90 लाख रुपये निर्धारित किया गया था। बीमित युवक अमन जाट ने वार्षिक प्रीमियम 69,339 रुपये जमा कर नीति को सक्रिय रखा था, जिसमें उनके पिता हरिसिंह जाट नामांकित (नॉमिनी) थे। दुर्भाग्यवश, 11 सितंबर 2024 को अमन जाट अपनी किया कार से वापस लौट रहे थे, तभी सामने जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से कार पीछे से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अमन जाट की इलाज के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई। घटना के संदर्भ में थाना कैंट गुना में अपराध पंजीबद्ध कर चालान सीजेएम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

बीमा कंपनी ने मनगढ़ंत तर्क देकर निरस्त किया था दावा

युवक की दुखद मृत्यु के बाद पिता हरिसिंह जाट ने नामांकित व्यक्ति के तौर पर बीमा कंपनी के समक्ष 1 करोड़ 90 लाख रुपये का क्लेम प्रस्तुत किया। आश्चर्यजनक रूप से, बीमा कंपनी द्वारा नियुक्त निजी जांच एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस पंचनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र और सभी दस्तावेजों को असली व सही पाया था और केस को स्वीकृत करने की सिफारिश की थी। बावजूद इसके, बीमा कंपनी ने 24 फरवरी 2025 को यह मनगढ़ंत तर्क देते हुए दावा खारिज कर दिया कि दुर्घटना के समय मृतक कार चला रहा था या बगल में बैठा था, इसमें संशय है। कंपनी ने उल्टे मृतक पर धोखाधड़ी का झूठा आरोप लगाते हुए पॉलिसी रद्द कर दी और जमा प्रीमियम भी जब्त कर लिया।

तर्कों के आगे झुकी कंपनी, आयोग ने जांच रिपोर्ट को बताया मनमाना

बीमा कंपनी के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये से व्यथित होकर पीड़ित माता-पिता ने अधिवक्ता देवेंद्र धाकड़ के माध्यम से जिला उपभोक्ता फोरम में याचिका दायर की। प्रकरण की सुनवाई के दौरान परिवादी के वकील ने कड़ा तर्क दिया कि पुलिस जांच, अभियोग पत्र और कार के क्षतिग्रस्त हिस्सों की तस्वीरों से यह पूरी तरह स्पष्ट है कि मृतक चालक के बगल वाली सीट पर बैठा था और कार ऋषिकेश सेन चला रहा था। उपभोक्ता आयोग ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और साक्ष्यों का सूक्ष्मता से अवलोकन करने के बाद पाया कि बीमा कंपनी ने अपने खुद के जांचकर्ता की सकारात्मक रिपोर्ट और तस्वीरों को नजरअंदाज कर कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मनमाने तरीके से क्लेम खारिज किया था। आयोग ने बीमा कंपनी के तर्कों को पूरी तरह खारिज करते हुए निर्णय सुनाया कि कंपनी परिवादी को पॉलिसी के अनुसार 1 करोड़ 90 लाख रुपये की पूरी बीमा राशि का भुगतान करे।

जहरीली शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

56 हजार की अवैध मदिरा जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला सागर में जहरीली शराब की घटना के बाद गुना में ताबड़तोड़ कार्यवाही कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में मंगलवार को आबकारी वृत्त चांचौड़ा के प्रभारी एल.आर.करोसिया द्वारा ग्राम खेजड़ा कला रानी एवं बीनागंज बायपास पर दबिश दी गयी।

दबिश के दौरान म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)A, 34(1)F एवं 49(A) के तहत कुल 02 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में कुल 18 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 350 कि.ग्रा. गुड़ लाहन बरामद किये गये, लाने की असमर्थता के कारण गुड़ लाहन को सैंपल लेकर मौके पर ही नष्ट किया गया। जप्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 56000 रुपये है। साथ ही आबकारी दुकानों का निरीक्षण एवं होटल ढाबों की सघन चैकिंग की गयी।उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह आबकारी आरक्षक दिनेश कुमार राठौर महिला जेम्मा एक्का, टीना वर्मा की भूमिका रही।

समाचार संक्षेप

संयुक्त संचालक ने ली नपा की बैठक, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के निर्देश

गुना। ग्वालियर संभाग के संयुक्त संचालक अमर सत्य गुप्ता ने नगर पालिका परिषद गुना में सीएम हेल्पलाइन और विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेते हुए सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराकर उन्हें बंद कराएं। उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा कर जारी निर्माण कार्यों को तय समय सीमा और गुणवत्ता के साथ पूरा करने की हिदायत दी। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी, सहायक यंत्री अमित त्यागी, उपयंत्री नितिन चंदेल, रामवीर शर्मा एवं मयूरी श्रीवास्तव सहित नगर पालिका के सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, गुना में बीकेटी टायर्स द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

गुना। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, गुना में आज बीकेटी टायर्स, टायर निर्माण क्षेत्र की प्रतिष्ठित औद्योगिक कंपनी के सहयोग से प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 41 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीयन कराया गया, जिसमें से 36 अभ्यर्थियों का चयन बीकेटी टायर्स द्वारा किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी में रोजगार का अवसर प्रदान किया गया। चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना भुज,गुजरात स्थित कंपनी के औद्योगिक परिसर में की जाएगी। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एवं अधिकारियों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की गई। साथ ही उन्हें प्राप्त रोजगार के अवसर का समुचित लाभ उठाने, कार्य के प्रति अनुशासन एवं समर्पण बनाए रखने तथा अपने तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल में निरंतर अभिवृद्धि करने हेतु प्रेरित किया गया। श्री नवीन रायकवार द्वारा अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोडऩा है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु संस्था द्वारा प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ समन्वय स्थापित कर समय-समय पर प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए जा रहे हैं। रोजगार प्राप्त होने से चयनित अभ्यर्थियों को अपने तकनीकी कौशल का व्यावहारिक उपयोग करने तथा औद्योगिक क्षेत्र में कैरियर को नई दिशा प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा।

चिरोला में भागवत कथा का भक्तिमय आयोजन, दूसरे दिन सुनाए रोचक प्रसंग

आरोन। ग्राम चिरोला (तिरैटी) में भागवत कथा का भक्तिमय आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर कथा वाचक पंडित रामदयाल शास्त्री जी महाराज ने भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को श्रीमद्भागवत कथा सुनाने का सुंदर प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान माता पार्वती को निद्रा आ गई, जबकि तोते के बच्चे ने पूरी कथा श्रवण की और आगे चलकर शुकदेव जी के रूप में प्रसिद्ध हुए। इसके साथ ही शास्त्री जी ने भीष्म पितामह प्रसंग तथा राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कराने का भावपूर्ण वर्णन किया। प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव में डूब गए।कथा का आयोजन प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है। यह आयोजन समस्त ग्रामवासी मीना समाज के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण करने एवं धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए दिया सफलता का मंत्र

मिली सजा को सजा न मानें, जीवन में आगे सजने का अवसर समझें : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती, विद्या कुल भूषण, महान तपस्वी एवं ओजस्वी वक्ता मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने धर्मनगरी राघौगढ़ में आयोजित श्रमण धारा प्रवचन माला में श्रद्धालुओं को जीवन की कठिन परिस्थितियों का धैर्यपूर्वक सामना करने का संदेश दिया। सजा को सजा न मानें विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए मुनिश्री ने कहा कि सजा शब्द के दो अर्थ हैं दंड और सजावट। जीवन के हर क्षेत्र में टांग खींचने वाले लोग मिल जाते हैं। जब कोई हमारे मार्ग में बाधा डालता है तो हम उसे सजा समझ लेते हैं, जबकि ऐसी परिस्थितियों को जीवन में आगे बढ़ने और स्वयं को बेहतर बनाने का अवसर मानना चाहिए। मुनिश्री ने महासती सीता का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें 20 वर्ष का वनवास मिला, जिसे उन्होंने शांतिपूर्वक सहन किया। निर्दोष और महासती होने के बावजूद उन्हें अनेक कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ा, लेकिन इन्हीं परिस्थितियों ने उन्हें महान बनाया। इसी प्रकार जैन दर्शन में वर्णित सती अंजना का प्रसंग बताते हुए उन्होंने कहा कि अंजना ने 22 वर्षों तक पति से दूर रहकर अनेक कष्ट सहन किए और धैर्यपूर्वक जीवन व्यतीत किया। एक समय ऐसा आया जब उनके पति पवनंजय स्वयं उनसे मिलने आए और उनका जीवन महानता का उदाहरण बन गया। मुनिश्री ने कहा कि जीवन में कई ऐसी घटनाएं आती हैं, जिन्हें हम सजा समझ लेते हैं। वास्तव में समय हमें उन परिस्थितियों के माध्यम से भविष्य में और बेहतर बनने का अवसर देता है। इसलिए विपरीत परिस्थितियों में निराश होने के बजाय सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

प्रतियोगी परीक्षार्थियों को दिया सफलता का मंत्र:

युवक-युवतियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए मुनिश्री ने युवक-युवतियों के अभिभावकों को भी संदेश देते हुए कहा कि बच्चों की रुचि और क्षमता के अनुसार उन्हें अपना क्षेत्र चुनने का अवसर दें। अपनी इच्छाएं और अपेक्षाएं बच्चों पर न थोपें और न ही उन पर अनावश्यक दबाव बनाएं। श्रमण सागर जी ने कहा कि प्रयास पूरे मन से करें और सकारात्मक सोच रखें। मैं नहीं कर पाऊंगा जैसे शब्दों को अपने मन से निकाल दें। उन्होंने कहा कि यदि प्रतियोगी परीक्षा में लगातार तीन बार असफलता मिलती है तो भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। चौथी बार इस विश्वास के साथ तैयारी करें कि इस बार सम्मानजनक सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि चौथी बार मिली सफलता के पीछे उन तीन असफल परीक्षाओं का अनुभव भी महत्वपूर्ण होगा। इसलिए असफलता को अंत नहीं, बल्कि सफलता की तैयारी का हिस्सा समझना चाहिए। मुनिश्री ने युवक-युवतियों के अभिभावकों को भी संदेश देते हुए कहा कि बच्चों की रुचि और क्षमता के अनुसार उन्हें अपना क्षेत्र चुनने का अवसर दें। अपनी इच्छाएं और अपेक्षाएं बच्चों पर न थोपें और न ही उन पर अनावश्यक दबाव बनाएं।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की 8वीं की अंकसूची संदिग्ध, फर्जीवाड़े की ग्रामीणों ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला कलेक्टोरेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम पीपल्या नज सींगनपुर चांचौड़ा के ग्रामीण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की फर्जी अंकसूची की जांच और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर आरोप लगाया कि गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में पदस्थ कार्यकर्ता कलिया बाई शर्मा की कक्षा 8वीं की अंकसूची प्रथम दृष्टया फर्जी प्रतीत हो रही है। अनपढ़ महिला के आंगनवाड़ी में पदस्थ होने से छोटे बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। पूर्व में कई बार आवेदन देने के बावजूद ठोस कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों में भारी रोष है।

गौरतलब है कि ग्रामीणों द्वारा पूर्व में की गई शिकायतों के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा इस मामले में जांच शुरू की गई थी। पूर्व में जनसुनवाई के निर्देशों के क्रम में डीईओ कार्यालय ने बीआरसीसी गुना को जांच सौंपी थी। जांच में सामने आया कि विवादित अंकसूची सर्व शिक्षा अभियान के प्रारूप पर सरिता कोचिंग कॉलेज कुंभराज की पदमुद्रा से जारी की गई है।

साईं बाबा की पालकी एवं मेहंदीपुर बालाजी की शोभायात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के आरोन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को नगर आरोन में साईं बाबा की 17वीं विशाल पालकी यात्रा एवं मेहंदीपुर बालाजी की भव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। सुबह 9 बजे साईं कोचिंग सेंटर से यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में साईं भक्त एवं धर्मप्रेमी शामिल हुए। साईं कोचिंग सेंटर के संचालक एवं साईं बाबा के भक्त मुकेश चव्हाण के नेतृत्व में निकली पालकी यात्रा और शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति भाव से शामिल हुए। साईं बाबा की पालकी एवं मेहंदीपुर बालाजी की झांकी के दर्शन के लिए मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। यात्रा साईं कोचिंग सेंटर से प्रारंभ होकर श्री दास हनुमान मंदिर, मेन मार्केट, गुलाबगंज चौराहा, पुराना बस स्टैंड, टॉकीज रोड, सरस्वती कॉलोनी, रतन पब्लिक स्कूल गली, भुजरतला रोड, एवं रिजौदा रोड होते हुए पुनः साईं कोचिंग सेंटर पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। भक्तों द्वारा जयकारे लगाए गए, जिससे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर साईं बाबा के भक्त मुकेश चव्हाण ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साईं बाबा की पालकी यात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को भक्ति और सेवा से जोड़ना है। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से साईं बाबा एवं मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कर धर्मलाभ लेने और प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया।

हिंदुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग में नवागंतुक विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



हिंदुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग, राघौगढ़ में ITEP B.A. B.Ed., B.Ed., D.El.Ed., B.A. एवं B.Sc. पाठ्यक्रमों के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. जे. एल. द्विवेदी, भूतपूर्व प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय राघोगढ़; विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. पी. के. झा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, तथा अध्यक्षता प्रो. डॉ. विनोद सिंह भदौरिया, प्राचार्य, हिंदुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग ने की।कार्यक्रम में संस्थान के प्राध्यापकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अशोक सक्सेना (लाइब्रेरियन), डॉ. ज्योति सिंह सेंगर, गणेश चंद्र शुक्ला, डॉ. प्रदीप कुमार कुशवाहा, रश्मि जैन, नरेश चंदेल, काजल कुसुम, गजेंद्र प्रजापति, मंगल मेर, लक्ष्मण सेलर, दीप्ति सिसोदिया, सुश्री कनिष्का चौहान एवं मोनू वास्त्री ने कार्यक्रम में सहभागिता की।कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. पूजा भाटी एवं शिवानी थागेले ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. ज्योति सिंह सेंगर ने कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रदीप कुमार कुशवाहा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। श्री नरेश चंदेल ने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति संबंधी प्रावधानों एवं प्रक्रिया से विधिवत अवगत कराया। श्री गणेश चंद्र शुक्ला ने हिंदी विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की।लाइब्रेरियन अशोक सक्सेना ने पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, जर्नल्स, शोध-पत्रों एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी तथा उन्हें पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।प्राचार्य प्रो. डॉ. विनोद सिंह भदौरिया ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए अनुशासन को विद्यार्थी जीवन का अनिवार्य आधार बताया तथा संस्थान में आयोजित होने वाली विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. जे. एल. द्विवेदी ने मानवीय मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जिले में एक दर्जन ग्रामों में नगरीय क्षेत्र में 3 स्थानों पर कच्ची शराब का निर्माण

अशोकनगर। अशोकनगर के पड़ोसी जिला सागर में जहरीली शराब से 22 लोगों की हुई मौत के बाद अशोकनगर जिले में भी अवैध शराब के निर्माण, सग्रह, परिवहन पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर द्वारा एक उड़नदस्ता दल का गठन सहायक जिला आवकारी अधिकारी आजाद सिंह आर्य के नेतृत्व में किया गया है।

जिले में एक दर्जन ग्रामों कच्ची शराब का निर्माण होता है, कलेक्टर ने कहा कि ऐसे ग्रामों पर नजर रखी जा रही है और नगरीय क्षेत्र में 3 स्थान हैं जहां इस तरह की जानकारी सामने आई है। कच्ची शराब का विक्रय होता है लेकिन इसका कोई टेस्टिंग नहीं होती जिसके कारण यह पता चल पाना मुश्किल है कि यह कितनी घातक है इसलिए इसका नष्ट होना जरूरी है। जितनी भी शासकीय दुकानें हैं उन सभी दुकानों पर जो मदिरा आती है, उसका भी सेंपल लिए जाने की कार्यवाही की जाएगी। जिले में कहीं भी किसी भी प्रकार का परिवहन या निर्माण होता नजर आता है तो उसकी जानकारी दी जाए ताकि समय पर कार्यवाही हो सके।

जारी आदेशानुसार उड़नदस्ता दल में संजय सिंह वर्मा सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत चंदेरी/ईसागढ़ एवं वृत में पदस्थ समस्त मुख्य आरक्षक आरक्षक/नगर सैनिक, सुरेश सिंह रघुवंशी उप निरीक्षण वृत अशोकनगर एवं वृत में पदस्थ समस्त मुख्य आरक्षक/आरक्षक/नगर सैनिक,गौरव जैन उप निरीक्षक वृत मुंगावली तथा वृत में पदस्थ समस्त मुख्य आरक्षक/आरक्षक/नगर सैनिक होगें। उड़नदस्ता दल प्रभारी आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर द्वारा जारी आदेश के तहत कार्यवाही करेगें। उड़नदस्ता द्वारा दल में शामिल सहायक जिला आबकारी अधिकारी/उप निरीक्षक अपने-अपने वृत क्षेत्र में अवैध मदिरा निर्माण एवं विकय कि अधिकतम जानकारियां प्राप्तकर संयुक्त दविश कार्य करेंगे।संबंधित पुलिस थाना प्रभारी से समन्वय कर आवश्यकतानुसार पुलिस बल का सहयोग प्राप्त कर कार्यवाही करें।

उड़नदस्ता दल द्वारा जिले में संचालित मदिरा दुकानों पर मदिरा विक्य दरो का भी परीक्षण किया जाये एवं निर्धारित अधिकतम विक्रय मूल्य तथा निर्धारित न्यूनतम विकयमूल्य का उल्लघंन पाये जाने पर तत्काल नियमानुसार कार्यवाही की जायें। दबिश कार्य शामिल सभी सदस्यों की उपस्थिति एवं की गई कार्यवाही का विवरण एकपंजी में संधारित किया जावें।

चंदेरी फतेहाबाद के 20 घरों में दी दबिश, 10 लीटर कच्ची शराब जब्त

चंदेरी। राजस्व और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को चंदेरी के वार्ड क्रमांक 20 फतेहाबाद में अवैध शराब ब्रिक्री के खिलाफ एक बड़ी छापामारी की कार्रवाई की है। टीम को क्षेत्र के करीब 20 घरों में कच्ची शराब बेचे जाने की गुप्त सूचना मिली थी जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।दबिश के दौरान टीम ने फतेहाबाद निवासी अभिषेक पुत्र कल्याण सिंह अहिरवार की दुकान पर तलाशी ली जहां से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर जब्त की गई। इस पूरी कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार शिव सिंह कोरकू, आबकारी निरीक्षक संजय वर्मा, आरआई सत्येन्द्र पुरोहित, पटवारी मुकेश कुमार और पटवारी दिनेश त्यागी मुख्य रूप से मौजूद रहे। विभाग ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

शाढ़ौरा और नईसराय में भी नए केन्द्र खोलने की मांग की गई

चंदेरी में मार्कफेड द्वारा डबल लॉक केन्द्र खोलने की स्वीकृति मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में खाद वितरण को लेकर आए दिन आने वाले समस्याओं के संबंध में कलेक्टर साकेत मालवीय ने बताया कि मार्कफेड के द्वारा चंदेरी मुख्यालय पर डबल लॉक केन्द्र खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है, अब चंदेरी क्षेत्र के किसानों को अशोकनगर नहीं आना पड़ेगा, उन्हें चंदेरी में ही डबल लॉक केन्द्र से खाद मिल सकेगा। शाढ़ौरा और नहीं नईसराय में भी नए केन्द्र खोलने के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं।

खाद वितरण को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय ने बताया कि 2025 में अप्रेल से 8 सितंबर तक यूरिया 40786 मेट्रिक टन किसानों को वितरित किया गया था। इस वर्ष 38229 मेट्रिक टन यूरिया अप्रेल से सितंबर तक किसानों को प्रदाय किया गया है। लगभग 2000 मेट्रिक टन इस वर्ष कम यूरिया किसानों को प्रदाय किया गया है जिसकी वजह यह है कि जिले में मक्का की फसल के उत्पादन में गिरावट आई है, 2025 में 1 लाख 96 हजार हेक्टयर क्षेत्र में मक्का का उत्पादन हुआ था इस बर्ष 1 लाख 60 हजार हेक्टयर क्षेत्र में ही मक्का का उत्पादन किया गया है। जिसके कारण मक्का में यूरिया की मांग अधिक होती है कम उत्पादन होने से मांग में गिरावट आई है। उन्होंने बताया कि सोयाबीन और उड़द का इस वर्ष रकवा बड़ा है, गतवर्ष 2025 में खरीफ की फसलों में 2 लाख 98 हजार हेक्टयर क्षेत्र में उत्पादन हुआ था,इस वर्ष 3 लाख 3 हजार हेक्टयर क्षेत्र में उत्पादन हुआ है।

वर्तमान में एनपीके और डीपीके दोनो को मिलाकर 16447 का स्टॉक उपलब्ध है जिले में किसानों को ई-टोकन के माध्यम से खाद का वितरण किया गया था, बाद में कुछ दिनों के लिए ऑफ लाईन वितरण किया गया था। रबी सीजन के लिए ई-टोकन पदद्धि से खाद का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में 4500 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है, रबी सीजन को लेकर डीएपी और एनपीके का संग्रहण किया गया है। जिले में 121 केन्द्रों के माध्यम से किसानों को खाद का वितरण किया जाता है जिनमें मार्कफेड के 3 गोदाम, 62 समितियां,1 एमपी एग्रो, 55 निजी दुकानदार शामिल हैं। प्रतिदिन टोकन की बुकिंग की जा रही है, मंगलवार को 549 टोकन बुक किए गए। प्रतिदिन की सीमा मार्कफेड के माध्यम से 300 निजी 200, पेक्स के माध्यम से 200 और एमपी एग्रो 200 है।

कृषि उप संचालक अमित भदौरिया ने बताया कि 1 अप्रेल 2026 से अभी तक 1 लाख 64 हजार 16 ई टोकन बुक हो चुके हैं जिनके माध्यम से 71942 कृषक, 48761 मेट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। जो भी रैक से खाद उपलब्ध होता है उसका 70 प्रतिशत सहकारिता क्षेत्र में और 30 प्रतिशत निजी क्षेत्र को मिलता है। 70 प्रतिशत का 50 प्रतिशत डीएमओ गोदाम, 50 प्रतिशत समितियों को दिया जाएगा और 5 प्रतिशत एमपी एग्रो को प्रदान किया जाएगा।

अवैध रूप से संचालित झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक सील



चंदेरी। चंदेरी में अवैध रूप से चल रहे चिकित्सा व्यवसायों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अनुविभागीय अधिकारी मनीष धनकर चंदेरी और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने एक झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक पर आकस्मिक छापा मारकर उसे सील कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदेरी क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित झोलाछाप डॉक्टर शहीद वेग की क्लीनिक पर प्रशासनिक और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित संचालक के पास चिकित्सा कार्य करने के लिए कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। बिना किसी कानूनी अनुमति और डिग्री के यह क्लीनिक अवैध रूप से चलाई जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्लीनिक को पूरी तरह से सील कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि इस पूरी कार्रवाई का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेज दिया गया है।

जनसुनवाई में 211 आवेदक समस्याएं लेकर पहुंचे, कलेक्टर ने निराकरण के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 211 आवेदकों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में अशोकनगर निवासी प्रवीन जैन द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने अशोकनगर निवासी आदिल पाराशर द्वारा हेल्पर पद पर पुनरू रखने, ग्राम सिरसौदा करैया निवासी मोना परिहार द्वारा संबल योजना की राशि दिलाए जाने, ग्राम तमाशा निवासी महेंद्र यादव द्वारा केसीसी दिलाए जाने, ग्राम तरावली निवासी धर्मेंद्र रघुवंशी द्वारा नक्शा ऑनलाइन कराई जाने, ग्राम पचबावडी निवासी रश्मि जाटव द्वारा समग्र आईडी में नाम जुड़वाए जाने, ग्राम विक्रमपुर निवासी उदयपाल अहिरवार द्वारा लाइट से भैंस की मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम पचबावडी निवासी बुद्धा अहिरवार द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने,ग्राम बडागांव निवासी रामदुलारी द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाये जाने, ग्राम गोरा सोनेरा निवासी राजाराम रघुवंशी द्वारा बीपीएल की सूची में नाम जुड़वाये जाने, ग्राम करैया राय निवासी विमला बाई अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाए,अशोकनगर निवासी हर्ष शर्मा द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने,ग्राम बमुरिया निवासी लल्लू अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने,ग्राम तगारी निवासी सुखदेव द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाने,पिपरई निवासी घनश्याम अहिरवार द्वारा 4 माह का राशन दिलाए जाने, ग्राम बमुरिया निवासी मुकेश द्वारा राशन पात्रता पर्ची भरवाये जाने,ग्राम सकर्रा निवासी फूलाबाई आदिवासी द्वारा पति की मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने की मांग की गई।




महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया

अशोकनगर। शासकीय नेहरू महाविद्यालय, अशोकनगर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में व्यावसायिक पाठ्यक्रम की शिक्षकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के महत्व के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई तथा लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना एवं महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाना रहा कार्यक्रम में डॉ राजकुमार जाट (व्यक्तित्व विकास) गायत्री नामदेव (जैविक खेती) डॉ रेखा शर्मा, मोनिका नामदेव, संगीता और भी महाविद्यालय का स्टॉफ मौजूद रहा।

आनंदपुर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

गुरु महाराज के 100वें जन्मोत्सव की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



अशोकनगर जिले के आनंदपुर में इन दिनों आध्यात्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। 6वें गुरु महाराज के 100वें जन्मोत्सव को लेकर देश ही नहीं, विदेशों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

आनंदपुर धाम एक बार फिर बड़े आध्यात्मिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। 6वे पादशाही जी गुरु महाराज श्री श्री 108 विचार पूर्णानंद जी के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर यहां आस्था और श्रद्धा का विशेष संगम देखने को मिलेगा। जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू होने की संभावना है। आयोजन को लेकर धार्मिक स्थल और आसपास के क्षेत्र में तैयारियां की जा रही हैं। गुरु महाराज के शताब्दी जन्मोत्सव को खास बनाने के लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने को देखते हुए व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आनंदपुर धाम की धार्मिक पहचान को देखते हुए इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की बात सामने आ रही है। ऐसे में यह आयोजन केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है।

खबर संक्षेप

80 वर्षीय महिला की पानी में डूबने से मौत

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 निवासी राजमती सेन पत्नि राजाराम सेन उम्र 80 साल की पानी में डूबने से मौत हो गई। मुंगावली पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

बाईक से नीचे गिरने से मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत अथाईखेड़ा निवासी शरद कुमार पुत्र हरिकिशन खटीक उम्र 55 साल की ग्राम बमनाई के पास विदिशा रोड पर बाईक से नीचे गिरने के बाद आई गंभीर चोटों के बाद उसकी मौत हो गई। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी बद्रीप्रसाद वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चन्द्रशेखर वंशकार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी श्रीराम सिंह राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पंकज पाण्डे ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से पंकज पाण्डे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राम सिंह, शेलेन्द्र सिंह और हनी सिंह राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पांडरी निवासी भरत सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रविन्द्र यादव,उदयभान लोधी, और रविन्द्र यादव के जीजा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत बजरा चक्क निवासी बबीता बाई बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजू और जगदीश बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

श्वेतांबर जैन समाज के पर्युषण पर्व की शुरूआत

अशोकनगर। श्वेतांबर जैन समाज के पर्युषण पर्व आज से प्रारम्भ हो गए हैं जो 15 सितबंर तक आयोजित होंगे। श्री वासूपूज्य श्वेतांबर जैन मंदिर पर समस्त कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं इस दौरान धर्म ध्यान के साथ भक्ति और पूजा का विशेष आयोजन हो रहा है। इस बार वर्धमान स्वाध्याय संघ, जाबरा से अनिल तलेरा, ऋषभ जैन, ऋषभ रामशना पधार रहे हैं, जिनके सानिध्य में इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिक्रमण 5.30 बजे से, प्रार्थना 6.30 बजे से, प्रक्षाल, पूजन, एवं आरती प्रातः 7.30 बजे से, प्रवचन एवं शास्त्र बाचन 8.30 से सुबह 10 बजे तक, शांति स्नात्र पूजन दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक धर्म चर्चा दोपहर 3.00 बजे से 4.00 बजे तक प्रतिक्रमण शाम 6.30 से स्थानक भवन में एवं आरती और भक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रात्रि 8 बजे किया जा रहा है।

सेवा संकल्प अभियान को लेकर बैठक

अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के सफल संचालन एवं निर्धारित गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम गठित कर जिम्मेदारियां निर्धारित की जाएं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान की गतिविधियों का बेहतर संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने अभियान के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की रूपरेखा तैयार कर समय-सीमा में आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

25 प्रतिशत से अधिक पानी 11 तालाबों में ही पहुंचा

जिले के 9 तालाब 100 प्रतिशत भरे, 50 प्रतिशत से अधिक पानी 3 तालाबों में आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

एक ओर प्रदेश में कई जिलों में वर्षा रिकार्ड तोड़ रही है वहीं अशोकनगर जिले में अशोकनगर और ईसागढ विकासखण्ड में वर्षा की गति धीमी है। वर्षा के अभाव में जिले के 33 तालाबों में से 9 तालाबों में ही 100 प्रतिशत पानी आया है। शेष सभी तालाब पानी की कमी से जूझ रहे हैं।

9 तालाबों में 100 प्रतिशत पानी, 5 तालाब ब्लो जलस्तर पर

अशोकनगर जिले में तालाबों की यह ताजा जानकारी जल संसाधन विभाग के आंकड़ो के अनुसार है, उपयंत्री श्रृद्धा विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में 100 प्रतिशत पानी वाले 9 तालाब है, 90 से 99 प्रतिशत वाला एक तालाब, 75 प्रतिशत से 89 प्रतिशत वाला एक भी तालाब नहीं। 50 प्रतिशत से 74 प्रतिशत तक के 3 तालाब हैं, 25 से 49 प्रतिशत तक वाले 11 तालाब हैं और 10 प्रतिशत से 24 प्रतिशत वाले 3 तालाब हैं वहीं 10 प्रतिशत से कम वाले 1 तालाब हैं। ब्लो जल स्तर वाले 5 तालाब शामिल हैं।

छुटपुट और हल्की वर्षा से कृषि को फायदा लेकिन तालाब खाली

अशोकनगर जिला कृषि प्रधान जिला है, यह तालाब जल स्तर को बढाने में मददगार हैं लेकिन इस बार जिले में 4 तहसीलों में मुंगावली और चन्देरी में तो वर्षा ठीक है लेकिन अशोकनगर और ईसागढ तहसील में वर्षा की गति धीमी है जिसके कारण जल स्त्रोतों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आया है।

जल संसाधन विभाग के आंकड़ों में कई तालाबों में पानी की कमी



जल संसाधन विभाग के आंकड़ों में कई तालाबों में पानी की कमी बनी हुई है उपयंत्री श्रद्धा विश्वकर्मा ने बताया कि जिले के कौंचा डेम में पानी का जल स्तर 100 प्रतिशत, मोला डेम में 74.70, अमाही डेम में 46.90, बरखेडा छज्जू डेम में 0 प्रतिशत, जमाखेडी डेम में 38.30, मढी कानूनगो डेम में 100 प्रतिशत, पछाडीखेडा तालाब में 28,33 प्रतिशत, तुलसी सरोवर में 97.87 प्रतिशत, अनराई डेम में 35.75 प्रतिशत, बनैट तालाब में 0, भरौली तालाब में 29.30, ढाकोनी तालाब में 31.09, ईदौर तालाब में 0 प्रतिशत, जलेश्वर तालाब में 0,कदवाया फीडर में 100.0, कदवाया टैंक में 58.06, मुढेरी टैंक में 9.87, नरसूखेड़ी टैंक में 37.97, पचलाना टैंक में 100., सर्करा टैंक में 49.57, साहपुर तालाब में 39.89, श्यामाटोरी टैंक में 100, केशोपुर टैंक में 18.14 प्यासी टैंक में 18.42 प्रतिशत, साजनमउ टैंक में 42.67, उमरिया डैम में 40.17, फतैहाबाद टैंक में 100. कुंवरपुर टैंक में 100, मोहनपुर टैंक में 100, नयाखेड़ा टैंक में 100 प्रतिशत, रामनगर टैंक में 56.06, सिंगपुर चाल्दा तालाब में 0 और विक्रमपुर तालाब में 11.71 प्रतिशत पानी आया है। औसत रूप से जिले के इन तालाबों में 54.82 प्रतिशत ही पानी आया है।

शहर के अंदर बहने वाला तुलसी सरोवर और पछाड़ीखेडा डेम दोनो ही खाली पड़े हैं। धीमी वर्षा से तालाबों में पानी आने के जो स्त्रोत हैं उनमें धार नहीं बन पा रही है जिसके कारण तालाबों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है यह तालाब आसपास की छोटी नदियों पर निर्भर हैं अगर इन नदियों में पानी है तभी तालाबों में पानी आएगा, लेकिन रिमझिम वर्षा से नदियों में धार नहीं बन पा रही है।

जिले में वर्षा के आंकड़े

जिले में अगर वर्षा के आंकडों पर नजर डाली जाए तो जिले की चार तहसीलों में से सिर्फ मुंगावली तहसील ऐसी हैं जहां 895 मिलीमीटर वर्षा हुई है। दूसरे स्थान पर चंदेरी तहसील है जहां 792 मिलीमीटर वर्षा हुई है। ईसागढ तहसील में 498 मिलीमीटर वर्षा हुई है उसके बाद सबसे कम अशोकनगर तहसील है जंहा 488 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले की 4 तहसीलों को मिलाकर औसत वर्षा के रूप में 882 मिलीमीटर वर्षा की जरूरत है। जिसकी तुलना में अभी तक 668 मिलीमीटर वर्षा हुई है, वर्षा जिले में कई दिनों से थमी है। जिसके कारण तालाबों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। अशोकनगर जिले में अभी तक कुल वर्षा का प्रतिशत 75.77 है, अगर अलग अलग तहसीलों की बात करें तो अशोकनगर में 57.41 प्रतिशत, चंदेरी में 79.20, ईसागढ में 56.72, और मुंगावली में 111.88 प्रतिशत है। अगर यहीं वर्षा तेज गति से हुई होती तो जिले के सारे जल स्त्रोत पानी से लबालब हो चुके होते लेकिन जिले में वर्षा कहीं 5 तो कहीं 10 मिलीमीटर वर्षा हो रही है जिसके कारण यह वर्षा की कमी बनी है। जिन तालाबों में 100 प्रतिशत पानी आया है उन तहसीलों में वर्षा अच्छी हो गई है।

इनका कहना है

जिले में वर्षा की स्थिति के बारे में बताया कि जिले में अभी तक 668 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई। पिछले वर्ष इस अवधि तक 1377 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले के 09 तालाब 100 प्रतिशत तक भर पाए हैं।
कलेक्टर साकेत मालवीय जिला अशोकनगर

महत्वपूर्ण रिकॉर्ड की उपलब्धता पर सवाल

पीआईसी की प्रोसिडिंग रजिस्टर को लेकर सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंदेरी

नगर पालिका परिषद कार्यालय में पीआईसी (प्रेसिडेंट इन काउंसिल) की प्रोसिडिंग रजिस्टर को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि पार्षदों द्वारा प्रोसिडिंग रजिस्टर देखने अथवा उपलब्ध कराने की मांग किए जाने पर उन्हें बताया जा रहा है कि रजिस्टर आरआई के पास है।

नगर पालिका के सीएमओ के अवकाश पर होने की जानकारी सामने आ रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि परिषद का महत्वपूर्ण अभिलेख कार्यालय में उपलब्ध है या किसी अधिकारी के पास रखा गया है और जरूरत पड़ने पर उसे पार्षदों अथवा आम नागरिकों को किस प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराया जाएगा।

आम नागरिक को रिकॉर्ड देखने का अधिकार

सार्वजनिक अभिलेखों के निरीक्षण को लेकर भी स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है। यदि संबंधित रिकॉर्ड नियमों के तहत सार्वजनिक निरीक्षण योग्य है, तो आम नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यालयीन समय में रिकॉर्ड का निरीक्षण कर सकता है। इसके लिए केवल किसी एक अधिकारी के कार्यालय में मौजूद होने को आधार बनाकर रिकॉर्ड के निरीक्षण में बाधा नहीं होनी चाहिए।


उठ रहे हैं सवाल

- पीआईसी की प्रोसिडिंग रजिस्टर वर्तमान में किसके पास है?
- यदि रजिस्टर आरआई के पास है तो उसे किस प्रक्रिया के तहत रखा गया है?
- क्या रजिस्टर नगर पालिका कार्यालय में सुरक्षित रखा गया है?
- पार्षदों द्वारा मांग किए जाने पर रजिस्टर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी किस अधिकारी की है?
- आम नागरिक रिकॉर्ड का निरीक्षण करना चाहे तो उसके लिए निर्धारित प्रक्रिया क्या है?
- सीएमओ के अवकाश पर होने की स्थिति में रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी किस अधिकारी की है?

रिकॉर्ड किसके पास स्पष्ट हो स्थिति

पीआईसी की प्रोसिडिंग रजिस्टर में परिषद की बैठकों और लिए गए निर्णयों से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यवाही दर्ज होती है। इसलिए रजिस्टर की अभिरक्षा और उपलब्धता को लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा स्पष्ट जानकारी दिया जाना जरूरी है। पार्षदों की मांग के बावजूद यदि रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, तो यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि रजिस्टर किसके पास है, किस उद्देश्य से रखा गया है और कार्यालयीन रिकॉर्ड की मूवमेंट का कोई दस्तावेजी रिकॉर्ड मौजूद है या नहीं।

हौज खास तालाब के बीच से गुजर रही 11 केवी लाइन बनी चिंता का सबब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंदेरी

चंदेरी मेला ग्राउंड के समीप स्थित हौज खास तालाब में रोजाना बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और बच्चे नहाने-तैरने के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा आसपास के लोग अपने पशुओं को भी तालाब में ले जाते हैं। ऐसे में तालाब के बीच से गुजर रही 11 केवी की विद्युत लाइन लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

मौके की तस्वीर में विद्युत लाइन के तार तालाब के ऊपर से गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं। तालाब में प्रतिदिन बच्चों और आम लोगों की आवाजाही को देखते हुए स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी कारण से विद्युत तार में खराबी आती है, तार टूटता है या विद्युत लाइन से संबंधित कोई अन्य दुर्घटना होती है तो गंभीर हादसा हो सकता है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि आबादी और लोगों की नियमित आवाजाही वाले तालाब के ऊपर से 11 केवी की लाइन किस आधार पर गुजर रही है और क्या यहां विद्युत सुरक्षा के निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है?

जिम्मेदार विभाग से जांच की मांग

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि विद्युत विभाग और नगर परिषद द्वारा मौके का संयुक्त निरीक्षण कराया जाए। लाइन की ऊंचाई, उसकी स्थिति, सुरक्षा मानकों और तालाब में लोगों की आवाजाही को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की जांच की जाए। यदि लाइन को स्थानांतरित करना आवश्यक हो तो इस दिशा में कार्रवाई की जाए।

उठ रहे ये सवाल तालाब के ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन की वर्तमान स्थिति की जांच कब हुई? क्या विद्युत विभाग के सुरक्षा मानकों के अनुसार लाइन की ऊंचाई और स्थिति उचित है? तालाब में बच्चों और आम लोगों की लगातार आवाजाही को देखते हुए सुरक्षा के क्या इंतजाम हैं? क्या नगर परिषद और विद्युत विभाग को इस स्थिति की जानकारी है? किसी दुर्घटना की स्थिति में जिम्मेदारी किस विभाग की होगी?



एसडीएम ने राशन दुकान का निरीक्षण किया

अशोकनगर। अनुविभागीय अधिकारी अशोकनगर इसरार खान एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी अशोकनगर प्राची शर्मा द्वारा सोमवार को सुभाष प्राथमिक उपभोक्ता भंडार वार्ड 3 की जांच की गई। मौके पर दुकान खुली पाई गई। विक्रेता जगदीश राठौर उपस्थित मिले। मौके पर चावल बिना तिरपाल बिछाये खुले में फैला हुआ पाया। स्वच्छता के पर्याप्त इंतजाम नहीं पाए गए। तौल काँटे पर सील लगी नहीं पाई गई। मौके पर दुकान पर पीओएस मशीन एवं भौतिक सत्यापन में 2.12 क्विंटल गेहूँ एवं 2.67 क्विंटल चावल अधिक पाया गया। मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से जानकारी प्राप्त की गई। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें खाद्यान्न समय पर प्राप्त होता है।

शिविरों के माध्यम से किया जा रहा आमजनों की समस्याओं का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत जिले में आयोजित शिविरों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों का आयोजन 7 अगस्त 2026 से प्रारंभ हुआ। इसके अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को विकासखंड के चयनित ग्राम में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही राज्य सरकार के पोर्टल पर कार्यवाहियां दर्ज की जा रही हैं।

सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत साप्ताहिक लंबित प्रकरणों का निराकरण कर जिले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में शासन के निर्देशानुसार जनता से संवाद, उद्यम संवाद तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। शिविरों में विभिन्न समस्यामूलक आवेदन आवेदकों से प्राप्त होते हैं,इन आवेदनों का निराकरण तत्काल मौके पर ही कराया जाता है। ऐसे आवेदनों जो किसी कारणवश निराकृत नहीं हो सकते हैं, उन पर समय सीमा निर्धारित कर आगामी शिविर में निराकरण कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए जाते है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में अभी तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत 04 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें विकासखण्ड मुंगावली के ग्राम पंचायत बीड सरकार में, चंदेरी में, अशोकनगर के ग्राम पंचायत कजराई में, ईसागढ़ के ग्राम पंचायत कदवाया में आयोजित किए गए हैं। आगामी 11 सितंबर 2026 को विकासखंड मुंगावली के ग्राम पंचायत खुजराई में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन जिले में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रभारी मंत्री के अनुमोदन पश्चात कार्य योजना राज्य शासन को प्रेषित की जाएगी। राज्य शासन की स्वीकृति पश्चात जिला स्तर पर उसका क्रियान्वयन किया जाएगा। सेवा संकल्प अभियान के तहत एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिसमें आशीर्वाद का दिया, 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत, नमो सेवा गाथा, आंगन का उत्सव, कहानी बदलाव की, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, बडनगर से वाराणसी तक संकल्प यात्रा, सेवा मेरा योगदान आदि शामिल हैं।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, अशोकनगर सिविल इंजीनियरिंग डिप्लोमा द्वितीय वर्ष में प्रवेश का अंतिम अवसर

अशोकनगर। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अशोकनगर में सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश प्रकिया 8, 10, 12 एवं 14 सितंबर को किये जायेगे इसमें दो वर्षीय किसी भी ट्रैड में आई टी आई एवं 12वीं गणित (डंजो) के आधार पर प्रवेश हेतु प्राप्त किया जा सकता है संस्था में सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में मात्र 15 सीटें रिक्त हैं। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा कॉलेज स्तरीय काउंसलिंग के माध्यम से इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संचालनालय तकनीकी शिक्षा भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह प्रवेश प्रक्रिया 14 सितंबर 2026 तक पूर्ण की जानी है, इच्छुक छात्र प्रवेश हेतु किसी कंप्यूटर सेंटर पर रजिस्ट्रेसन करा कर प्रवेश हेतु उक्त तिथियों पर शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, अशोकनगर उपस्थित हो सकते हैं।

जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर खिरिया के नौनिहाल

बारिश में कभी भी टपक सकती है छत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

पिपरई नगर के समीप ग्राम खिरिया स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय इन दिनों बदहाल भवन के चलते चर्चा में है। विद्यालय का भवन जर्जर हालत में पहुंच चुका है। बरसात के मौसम में छत से पानी टपकने के कारण कक्षाओं में पानी भर जाता है, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिम्मेदार बेखबर

ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय के एक कमरे की छत की परत भी गिर चुकी है। इसके बावजूद उसी भवन में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में कभी भी कोई अप्रिय घटना होने की आशंका बनी हुई है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक और ग्रामीण चिंतित नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन स्तर पर बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने और



खूब पढ़ो, खूब बढ़ो जैसे संदेश दिए जाते हैं, लेकिन ग्राम खिरिया के प्राथमिक विद्यालय की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से विद्यालय भवन की स्थिति का निरीक्षण कर शीघ्र मरम्मत अथवा नए भवन की व्यवस्था कराने की मांग की है। विद्यालय भवन की छत से पानी टपकने और कक्षाओं में पानी भरने के संबंध में जब विद्यालय के प्राचार्य से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि पहले सरपंच से कहकर आंगनवाड़ी बनवाई जाए, विद्यालय के संबंध में जो कार्य होना है, वह भी करवाया जाएगा।

प्राचार्य के पत्र के बाद भी कार्रवाई नहीं

मध्यप्रदेश के नंबर-1 मॉडल स्कूल का खेल मैदान सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंदेरी

मध्यप्रदेश के नंबर-1 मॉडल स्कूल के खेल मैदान में निर्माण कार्य को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि निर्माण में घटिया गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है और निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं कराया जा रहा।

मामले को लेकर विद्यालय के अध्यक्ष एवं प्राचार्य द्वारा कई बार शिकायत पत्र लिखकर संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन शिकायतों के बावजूद अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के उपयोग के लिए तैयार किए जा रहे खेल मैदान की गुणवत्ता पर यदि सवाल उठ रहे हैं तो यह मामला और भी गंभीर हो जाता है। विद्यार्थियों की सुरक्षा और सरकारी राशि के सदुपयोग को देखते हुए निर्माण कार्य की तकनीकी जांच एवं गुणवत्ता परीक्षण कराया जाना आवश्यक है।



शिकायतों के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं?

सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब विद्यालय प्रबंधन द्वारा निर्माण की गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें की जा रही हैं, तो संबंधित विभाग द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच क्यों नहीं की गई? स्थानीय स्तर पर यह भी मांग उठ रही है कि निर्माण में इस्तेमाल सामग्री के नमूने लेकर मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से गुणवत्ता परीक्षण कराया जाए तथा स्वीकृत प्राक्कलन, तकनीकी मापदंड और मौके पर हुए निर्माण का मिलान किया जाए।

नम आंखों से विदा हुए श्री बालाजी महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

रामलीला मैदान स्थित श्री बालाजी महाराज मंदिर की पावन प्रतिमा को मंगलवार को पिपरई वासियों ने नम आंखों से भावपूर्ण विदाई दी। श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा के विसर्जन एवं प्रयागराज प्रस्थान के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। भक्तों ने विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ बालाजी महाराज को विदा किया। यह वहीं प्रतिमा है जिसे पिछले दिनों कुल्हाड़ी से प्रहार कर खण्डित कर दिया गया था।

प्रतिमा को मंदिर से बाहर लाए जाने के दौरान भक्तों में गहरी श्रद्धा और भावुकता देखने को मिली। बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा के साथ पिपरई गांव की सीमा तक पहुंचे और जयकारों के बीच उन्हें विदाई दी। पूरे मार्ग में "जय श्री बालाजी महाराज" और "जय श्री हनुमान" के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की आंखें उस समय नम हो गईं, जब वर्षों से आस्था के केंद्र रहे बालाजी महाराज को पिपरई से विदा किया गया। भक्तों ने हाथ जोड़कर सुख-समृद्धि, शांति और नगरवासियों के कल्याण की प्रार्थना की। श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा को श्रद्धालुओं द्वारा प्रयागराज ले जाया गया, जहां धार्मिक विधि-विधान के साथ आगे का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग श्रद्धालु मौजूद रहे। पिपरई वासियों ने बालाजी महाराज को श्रद्धापूर्वक विदा करते हुए उनके पुनः आशीर्वाद की कामना की।

हद है! सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन्म बेटी ले रही और प्रमाण पत्र बेटे का दे रहे

मामला खुजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का, लापरवाही जन्मी बेटी, रिकॉर्ड में बना दिया बेटे का जन्म प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

हे भगवान.... इस स्वास्थ्य विभाग का भी क्या करें, क्या जिले के सभी फर्जी काम करने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी खुजनेर सामुदायिक केन्द्र पर ही आकर बैठ गए क्या। यहां नगर में स्वास्थ्य सेवा देने वाले सोनोग्राफी सेंटर, अस्पताल में डिलेवरी करवाने के बाद कागज तैयार करने वाले सहित अन्य जो डिग्री एएनएम के लेकर एमबीबीएस होने का इलाज करते नजर आ रहे। वहीं कुछ झोलाछाप के पास तो कोई डिग्री नहीं होने के बाद भी इलाज के नाम पर मरीजों के खून की जांच करवा रहे हैं।

अपनी गलती मानने को तैयार नहीं स्वास्थ्य विभाग



ऐसा ही मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में फिर से स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। 18 अगस्त को हुए प्रसव में महिला ने बेटी को जन्म दिया, लेकिन अस्पताल के रिकॉर्ड में नवजात का लिंग लड़का दर्ज कर दिया। इसी गलती के आधार पर जन्म प्रमाण-पत्र में भी लिंग लड़का दर्ज हो गया। अब परिजन सुधार के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। लेकिन अस्पताल वाले अपनी गलती मानने के लिए तैयार नहीं है और परिजनों को परेशान करने में लगे हुए हैं।

इनका कहना है...

आपके द्वारा मुझे जानकारी मिली है। मैं दिखवाता हूं, कहीं गलती हो गई होगी। जन्मप्रमाण पत्र में सुधार करावा कर नया जारी करवा देता हूं।
सुरेन्द्र मित्तल, सीबीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर

क्या है पूरा मामला

ग्राम चिलडावनिया निवासी सुषमा पति ब्रजमोहन वर्मा को 18 अगस्त को प्रसव के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में लड़की का जन्म हुआ था। परिजनों ने बच्ची को घर ले जाकर खुशिया मनाईं। लेकिन जब जन्म प्रमाण पत्र बना तो उसमें लड़की के स्थान पर लड़का बता दिया गया। जांच करने पर पता चला कि अस्पताल के जन्म रजिस्टर में ही लिंग लड़का दर्ज है। परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने स्टाफ से इस बारे में बात की तो उन्हें सुधार की जगह टालमटोल किया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि यह केवल टाइपिंग मिस्टेक नहीं, बल्कि गंभीर लापरवाही है। सवाल यह है कि जब वार्ड में बच्ची मौजूद थी तो रिकॉर्ड में लड़का कैसे दर्ज हो गया। इस गलती से भविष्य में बच्ची के आधार कार्ड, टीकाकरण और स्कूल एडमिशन तक में परेशानी हो सकती है। परिजनों ने सीएमएचओ और बीएमओ से मामले की जांच कर दोषी कर्मचारी पर कार्रवाई और दस्तावेजों में तत्काल सुधार की मांग की है।

जहरीला पद्धार्थ खाने से विवाहिता की मौत



सारंगपुर। समीपस्थ जमुनागंज निवासी 30 वर्षीय विवाहिता की जहरीला पद्धार्थ खाने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कलीबाई पति दीवानसिंह बंजारा की तबीयत बिगड़ने पर उसके पति द्वारा गंभीर हालत में सिविल अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया। रेफर किए जाने के बाद महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर महिला के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने समाज की पंचायत में आरोप लगाया कि कली बाई को उसके पति दीवान सिंह बंजारा और ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जाता था तथा उसके साथ मारपीट भी की गई। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि महिला को संदिग्ध पदार्थ देकर उसकी जान ले ली गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर मायके पक्ष को सौंप दिया। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। महिला ने संदिग्ध पदार्थ किन परिस्थितियों में खाया और उसकी मौत के पीछे वास्तविक वजह क्या रही, यहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

दुर्घटना होने पर आ सकती है कानूनी अड़चनें

सालों से बगैर रजिस्टेशन, बीमे के दौड़ रहीं नपा की दमकलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नगर पालिका राजगढ़ के स्वामित्व की दो फायर बिग्रेड जब से खरीदी गई हैं तब से आरटीओ विभाग में उनका रजिस्टेशन ही नहीं करवाया गया है। रजिस्टेशन न हो पाने से दोनों दमकलों का इन्श्योरेंस (बीमा) भी कभी नहीं हो पाया है। नगर पालिका प्रबंधन में समय-समय पर पदस्थ रहे अधिकारियों और परिषदों के जिम्मेदारों ने इस लापरवाही की तरफ कभी ध्यान नहीं दिया।

आपको बतादें कि किसी भी वाहन का रजिस्टेशन न करवाने से गंभीर कानूनी, आर्थिक और व्यवहारिक नुकसानों का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही कानून यह एक अपराध भी है। यदि बिना रजिस्टेशन वाले वाहन का एक्सीडेंट हो जाए तो संबंधित बीमा कंपनी किसी भी तरह का क्लेम देने से स्पष्ट मना कर देती है। इसके साथ ही यदि बिना पंजीयन वाले वाहन से कोई व्यक्ति घायल हो जाता है या मृत्यु हो जाती है तो उसका पूरा मुआवजा नगर पालिका को उठाना



पड़ेगा। इसके साथ ही यदि वाहन भी चोरी हो जाए तो पुलिस उसे ढूंढने में असमर्थता जाहिर करती है। इस संबंध में सीएमओ पवन अवस्थी का कहना है मुझे इस बारे में पहले किसी ने बताया नहीं कि फायर बिग्रेड के रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाए हैं। मैं दिखवाता हूं।

2017 और 2019 में खरीदी गई थीं दमकलें

नगर पालिका की जो दोनों दमकलें बिना रजिस्टेशन के रोड पर चल रही हैं उनमें से बड़ी फायर बिग्रेड साल 2017 एवं छोटी दमकल को साल 2019 में खरीदा गया था। तकरीबन आठ, नौ सालों में इन दोनों ही दमकलों का पंजीयन नहीं करवाया गया है।

मेड़तवाल समाज धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया

संतान की लंबी आयु के लिए रखा बछ बारस का व्रत, बछड़ों की पूजा



राजगढ़। जन्माष्टमी के चार दिनों बाद आने वाले बछ बारस पर्व को सनातनी महिलाओं द्वारा पूजा-अर्चना एवं व्रत, उपवास रखते हुए मनाया गया। इस अवसर पर माताओं द्वारा गाय, बछड़े की पूजा करते हुए अपनी संतानों की लंबी उम्र की कामना की। बछ-बारस पर स्थानीय मेड़तवाल समाज धर्मशाला में महिला समिति द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष ऊषा गुप्ता ने बताया कि सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने समाज की अनेकों महिलाएं एकत्रित हुईं और पूजन-अर्चन के साथ ही सामाजिक गतिविधियों के संबंध में रूपरेखा तैयार की गई। आयोजन में नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, कुलदीप सिंगी का योगदान रहा जिन्होंने महिलाओं को इस आयोजन हेतु प्रोत्साहित किया। सहभोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

गायों को खिलाई घांस

उक्त आयोजन के साथ ही विभिन्न धार्मिक समितियों के श्रद्धालुओं द्वारा नगर की बमबम आश्रम गौशाला, संकट मोचन क्षेत्र स्थित जालपा माता गौशाला पहुंचकर गायों को हरी घांस का सेवन करवाया गया। इसके साथ ही गौमाता की पूजा-अर्चना भी की गई।

यूसीसी के विरोध में एआईएमआईएम ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



सारंगपुर। मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता यूसीसी लागू किए जाने के विरोध में मंगलवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की ओर से विरोध दर्ज कराया गया है। संगठन प्रदेश अध्यक्ष मो. अली खान ने एसडीएम जय सौलंकी को ज्ञापन सौंपकर यूसीसी के संभावित प्रभावों की संवैधानिक समीक्षा कराने और धार्मिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अंतःकरण की स्वतंत्रता तथा धर्म को स्वतंत्र रूप से मानने, आचरण करने और प्रचार करने का अधिकार देता है। ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 25, 26 और 29 का उल्लेख करते हुए कहा गया कि धार्मिक परंपराएं, रीति-रिवाज, व्यक्तिगत कानून और सांस्कृतिक प्रथाएं समुदाय की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। संगठन ने मांग की कि समान नागरिक संहिता के प्रावधानों का इन मौलिक अधिकारों पर पड़ने वाले प्रभाव को गंभीरता से परखा जाए। साथ ही धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक अधिकारों और संवैधानिक संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष डॉ फारूक शेख,सलमान फ्रूट सहित अन्य मौजूद थे।

ट्रैक्टर अड़ाकर रास्ता बंद कर विरोध जताया

मूलभूत सुविधाओं को लेकर बटावदी ग्रामीणों का जनपद गेट पर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बटावदा में मर्ज गांव बटावदी में मूलभूत सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे जनपद कार्यालय के मुख्य गेट पर ट्रैक्टर अड़ाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़क निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि हमारा गांव ग्राम पंचायत बटावदा के अंतर्गत आता है। ग्राम पंचायत सरपंच सचिव हमारे गांव के साथ हमेशा भेदभाव करते है। अभी तक गांव में रोड की सुविधा नहीं है, रास्ता पर बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ होने से हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। गांव में सीमेंट कांक्रीट रोड नहीं होने से ग्रामीणों को कीचड़ में निकलने को मजबूर होना पड़ता है।देश को आजाद हुए 80 वर्ष हो रहे हैं लेकिन आज भी हम मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

मुक्तिधाम में बारिश सबसे बड़ा संकट

श्मशान घाट की तो बारिश में बहुत ही बुरी हालत हो जाती है। बारीश में श्मशान की जगह में पानी भर जाता है, जिससे बरसात के समय अंतिम संस्कार करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर जनपद पंचायत से लेकर एसडीएम तक शिकायत की, लेकिन गांव की इन समस्याओं को नजरंदाज किया जाता है जिससे परेशानियों ज्यों कि त्यों बनी हुई है शीघ्र निराकरण की मांग की। करीब 1 घंटे के प्रदर्शन के बाद जनपद सीईओ रणजीतसिंह रघुवंशी और थाना प्रभारी होकमसिंह मीणा ने गांव वासियों को समझा कर जनपद के गेट से ट्रैक्टर को हटवाया।

खुजनेर से जानापाव के लिए निकली पदयात्रा, भगवान परशुराम के ध्वज पूजन से शुभारंभ



खुजनेर। नगर में पदयात्रा की परंपरा में एक और अध्याय जुड़ गया। मंगलवार सुबह 9 बजे अनिल शर्मा एवं पवन शर्मा ने खुजनेर से जानापाव के लिए पदयात्रा प्रारंभ की। यात्रा का शुभारंभ भगवान परशुराम के ध्वज पूजन के साथ किया गया। ध्वज पूजन का आयोजन खुजनेर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में हुआ। पूजन समारोह में दोनों यात्रियों के परिवारजन सहित समाजजन शामिल हुए। इस दौरान यात्रियों को फूल-माला पहनाकर यात्रा के लिए शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। कार्यक्रम में अशोक शर्मा, धर्मेंद्र व्यास, श्री खाटू श्याम मंदिर पुजारी सहित विप्र समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस दौरान भगवान परशुराम के जयकारों के साथ दोनों यात्रियों ने जानापाव की ओर अपनी पदयात्रा शुरू की।

जनसुनवाई में आए 95 आवेदन

जिला पंचायत सीईओ ने मौके पर ही करवाया समस्याओं का निराकरण



राजगढ़। आमजनों की विभिन्न समस्याओं, मसलों के निराकरण के लिए मंगलवार आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 95 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने मौके से ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन लगाकर अधिकांश शिकायतों का त्वरित निराकरण करवाया। आयोजित जनसुनवाई में सारंगपुर निवासी अंतर सिंह ने बताया कि आवेदक की भूमि पर फसल नुकसान हो पर भी आवेदक को फसल बीमा योजना की राशि प्राप्त नहीं हुई हैं। इस पर सीईओ गढ़पाले नेएसएडीओ सारंगपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। ग्राम गेहूंखेडी निवासी मनोहर सिंह चैहान ने बताया कि आवेदक एक किसान हैं। वर्तमान में अतिवृष्टि होने के कारण आवेदक के सोयाबीन की फसल खराब हो गई हैं। समस्या पर सीईओ ने पचोर तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम कुण्डीखेडा निवासी विजय सिंह सौंधिया ने बताया कि आवेदक विक्लांग हैं। आवेदक को विकलांग सहायता राशि एवं पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। जिससे आवेदक काफी परेशान हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा सामाजिक न्याय विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह अन्य प्राप्त अधिकांश शिकायतें निराकृत करवाते हुए अन्य मामलों को संबंधित विभाग प्रमुखों को भेजी गईं।

दिल्ली हादसे के बाद कॉलेज भवनों की सुरक्षा जांच की मांग, प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

जर्जर भवन-कक्षों की तत्काल जांच और मरम्मत कराने की उठाई मांग

सारंगपुर। दिल्ली के सत्य निकेतन क्षेत्र में 6 सितंबर को विद्यार्थियों के आवासीय भवन के अचानक ढहने की घटना के बाद कॉलेज विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी को लेकर एनएसयूआई ने शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के कॉलेज अध्यक्ष देवा गुर्जर के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर भवनों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि सत्य निकेतन हादसे में कई विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं और राहत एवं बचाव कार्य जारी है। इस घटना ने विद्यार्थियों की सुरक्षा और शैक्षणिक संस्थानों की भवन संरचनाओं की नियमित जांच की आवश्यकता को सामने ला दिया है।एनएसयूआई ने महाविद्यालय की सभी भवन संरचनाओं की सुरक्षा जांच कराने, जर्जर अथवा क्षतिग्रस्त भवनों एवं कक्षों की तत्काल जांच कर आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की। इसके अलावा विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन निकासी मार्ग और सुरक्षा व्यवस्था की



समीक्षा करने तथा संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां एवं सुरक्षा निर्देश जारी करने की मांग रखी गई। ज्ञापन में कहा गया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और किसी अप्रिय घटना का इंतजार करने के बजाय प्रशासन को समय रहते आवश्यक कदम उठाने चाहिए। एनएसयूआई ने महाविद्यालय प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई। ज्ञापन देने वालों में कॉलेज अध्यक्ष देवा गुर्जर,अमन सिलोरिया,अनिल भंडारी,गोविंद उमट सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

बछ बारस पर महिलाओं ने की बछड़े की पूजा



नरसिंहगढ़। बछ बारस के पर्व पर मंगलवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ गौ माता एवं बछड़े का पूजन किया। महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर अपनी संतान के सुख, स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। महिलाओं ने स्नान आदि के बाद गाय और बछड़े को सजाया तथा रोली, कुमकुम, अक्षत, फूल और दीप-धूप से पूजा की। इसके बाद गौ माता को चारा एवं अन्य सामग्री अर्पित कर आशीर्वाद लिया।बछ बारस को गोवत्स द्वादशी के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व भाद्रपद कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन गौ माता और उनके बछड़े की पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है और संतान के कल्याण की कामना पूरी होती है।

महिलाओं ने गाय के बछड़े की पूजा कर पुत्रों के दीर्घायु होने कामना की



कुरावर। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बछ बारस का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने पुत्रों के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए व्रत रख गाय और उसके बछड़े की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। बछ बारस के पावन अवसर पर सुबह से ही महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने पूजा की तैयारियां कर गाय और बछड़े को स्नान आदि कराकर उनका श्रृंगार किया। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर गौ माता और बछड़े को तिलक लगाया, पुष्प अर्पित किए तथा विभिन्न पूजन सामग्री से पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ऐसी मान्यता है कि जो महिलाएं श्रद्धा और विश्वास के साथ इस दिन व्रत रखकर गाय और बछड़े की पूजा करती हैं, उन पर गौ माता की विशेष कृपा बनी रहती है। गौ माता अपने आशीर्वाद से परिवार में सुख-समृद्धि प्रदान करने के साथ ही पुत्रों के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना पूर्ण करती हैं।

फसल सर्वे, बीमा राशि, सिंचाई और बिजली सहित 11 मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

किसानों और आम नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को नरसिंहगढ़ में कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया पूर्व विधायक गिरीश भंडारी हेमराज कलपोनी बापू सिंह तँवर रामचंद्र दांगी जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव रघु परमार कविता वर्मा, मंजूलता शिवहरे मदरूप सिंह सोनागिरा ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़ अरुण परमार, ज्ञान सिंह मीणा संतोष सोनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश सरकार पर किसानों के साथ भेदभाव करने और उनकी समस्याओं की अनदेखी करने के आरोप लगाए गए। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अजय पटेल को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे राजगढ़ जिले के किसान और नागरिक कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। शासन-प्रशासन का दायित्व है कि किसानों और नागरिकों की समस्याओं का



समयबद्ध एवं न्यायपूर्ण तरीके से निराकरण किया जाए।

सोयाबीन और बीमा का मुद्दा प्रमुख

कांग्रेस ने मांग की कि वर्तमान में खराब हो चुकी सोयाबीन की फसल का तत्काल सर्वे कराया जाए तथा किसानों को उचित फसल मुआवजा और बीमा राशि दिलाई जाए। साथ ही वर्ष 2025 की सोयाबीन फसल का बीमा सभी पात्र किसानों को दिलाने और जिन किसानों से प्रीमियम राशि वसूली गई है, उन्हें बीमा लाभ से वंचित नहीं करने की मांग की गई। खाद-बीज की नई व्यवस्था से किसानों को हो रही परेशानियों को तत्काल दूर कर सरल एवं पारदर्शी खाद वितरण व्यवस्था लागू करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।

सिंचाई, बिजली और मुआवजे की मांग

ज्ञापन में नरसिंहगढ़ तहसील के नहरी सिंचाई प्रणाली से वंचित गांवों को किसी न किसी सिंचाई परियोजना से जोड़कर किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं पार्वती नदी पर बन रही बांध रेसई परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाले किसानों की अधिग्रहित भूमि व संपत्ति का उचित मुआवजा देने की मांग उठाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही विद्युत बिल वसूली को फसल आने तक स्थगित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग द्वारा की जा रही बेतहाशा विद्युत कटौती तत्काल बंद कर निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। ज्ञापन में राम मंदिर में हुई चढ़ावे की चोरी का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यह केवल धन की चोरी नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर प्रहार है। कांग्रेस ने घटना की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।

महंगाई और बस किराए पर भी सरकार को घेरा

कांग्रेस ने लगातार बढ़ती महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण करते हुए आवश्यक वस्तुओं के दाम नियंत्रित करने की मांग की। मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन द्वारा दूध के दामों में की गई बढ़ोतरी का लाभ दूध उत्पादक किसानों को देने तथा बसों के किराए में की गई अत्यधिक वृद्धि वापस लेकर किराए में उचित कमी करने की मांग भी ज्ञापन में की गई। कांग्रेस ने कहा कि उक्त मांगें किसानों, मजदूरों, युवाओं और आम नागरिकों के व्यापक हित से जुड़ी हैं। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से आग्रह किया गया कि वे समस्याओं का संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश शासन को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करें, ताकि इनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित हो सके।